# मध्यप्रदेश के हवाई नेटवर्क को नए पंख

## अगले दस सालों में देश में 100 नए एयरपोर्ट बनाएगी सरकार : नायडू

- भोपाल से शारजाह की सीधी उड़ान दो महीनों में
- विंध्य जुड़ रहा है देश के महानगरों की सेवा से



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 9 अगस्त. मध्यप्रदेश में हवाई संपर्क के विस्तार को रविवार को बड़ी गति मिली. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने भोपाल से रीवा, भोपाल से पटना, रीवा से कोलकाता और जबलपुर से कोलकाता की चार नई सीधी हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया.**

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अगले दो महीने में भोपाल से शारजाह के लिए सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होगी. वहीं केंद्रीय मंत्री ने अगले दस वर्षों में देश में नए हवाई अड्डों और हवाई संपर्क के विस्तार के लिए करीब 29 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान की जानकारी दी.

नई उड़ानों से विंध्य और महाकौशल क्षेत्र सीधे भोपाल, पटना और कोलकाता से जुड़ गए हैं. भोपाल-रीवा उड़ान सप्ताह में चार दिन, जबकि भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता उड़ानें सप्ताह में तीन दिन संचालित होंगी. सभी सेवाओं का संचालन अलायंस एयर करेगी.

भोपाल-रीवा की यात्रा अब करीब डेढ़ घंटे में पूरी होगी, जबकि रेल से इसमें लगभग 10 घंटे लगते हैं. भोपाल-पटना और रीवा-कोलकाता की यात्रा करीब दो घंटे तथा जबलपुर-कोलकाता की यात्रा लगभग ढाई घंटे में पूरी होगी. इससे यात्रियों को 8.5 से 20 घंटे तक समय की बचत होगी.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में रीवा, सतना और दतिया में नए हवाई अड्डे शुरू हुए हैं, जबकि उज्जैन और शिवपुरी में निर्माण कार्य जारी है. प्रदेश में पांच नए हवाई अड्डों को मंजूरी मिली है, जिसमें सबसे पहले सिंगरौली में हवाई अड्डा विकसित किया जाएगा.

**मप्र को मिलेंगे और पांच नए हवाई मार्ग**

उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में आठ हवाई अड्डे, 20 से अधिक हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड हैं. नवंबर 2025 से अगस्त 2026 के बीच प्रदेश में आठ नए हवाई मार्गों पर सेवाएं शुरू हुई हैं.

नई सेवाओं के बाद किराया भी पहले की तुलना में कम होगा. भोपाल-रीवा का किराया करीब 3,500 रुपये, भोपाल-पटना 4,500 रुपये, रीवा-कोलकाता 3,200 रुपये और जबलपुर-कोलकाता का किराया करीब 4,500 रुपये रहेगा. पहले इन मार्गों पर यात्रियों को दिल्ली होकर जाना पड़ता था और किराया 8 से 10 हजार रुपये तक पहुंच जाता था. केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि हवाई संपर्क केवल यात्रा सुविधा नहीं, बल्कि उद्योग, पर्यटन, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देने वाला आधारभूत ढांचा है. केंद्र और राज्य सरकार मिलकर मध्यप्रदेश के छोटे शहरों को भी हवाई नेटवर्क से जोड़ने पर काम कर रही हैं.

### रीवा से भोपाल और कोलकाता को हवाई सेवा की सौगात



**रीवा.** रीवा को आज भोपाल और कोलकाता से सीधी हवाई सेवा की सौगातें मिली हैं. एयरपोर्ट रीवा में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य के लोगों ने हवाई सेवा का जो सपना बरसों से देखा था वह पूरा हो रहा है. रीवा से भोपाल और रीवा से कोलकाता की हवाई सेवा के साथ आज पूरा विंध्य देश के बड़े महानगरों से हवाई सेवा से जुड़ गया है. यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उड़ान योजना से रीवा एयरपोर्ट का विस्तार हुआ. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा नई विमानन नीति में स्टेट बीजीएफ मद से हवाई सेवा में अनुदान का प्रावधान किया. इसके लिए पूरा विंध्य प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के प्रति आभारी है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 अगस्त रीवा के लिए ऐतिहासिक दिन है. रीवा में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए सांसद रीवा और सांसद सतना ने बहुत प्रयास किए हैं. रीवा एयरपोर्ट की विकासगाथा डबल इंजन सरकार की सफलता का आदर्श उदाहरण है. एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से पूरे विंध्य में पर्यटन, उद्योग और अन्य क्षेत्र में विकास को पंख लगेंगे.



## अभियान को जन-मन के साथ जिले में मनाएं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौल, 9 अगस्त. स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जिले में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा जिले की प्रभारी मंत्री एवं म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने सूर्या भवन, एनटीपीसी में आयोजित बैठक में की.**

प्रभारी मंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को जिले में व्यापक जनभागीदारी एवं पूरी गरिमा के साथ आयोजित किया जाए. अभियान के दौरान तिरंगा रैलियों सहित विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन कर आम नागरिकों को राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़ा जाए. उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाए तथा अभियान को जन-जन का अभियान बनाया जाए. प्रभारी मंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में उपखंड अधिकारियों एवं एसडीओपी पुलिस को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संबंधित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तिरंगा रैली के समय एवं मार्ग का निर्धारण सुनिश्चित करें. कलेक्टर गौरव बैनल ने प्रभारी मंत्री संपतिया उईके सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

## आजीवन कारावास की सजा काट रहा बंदी पैरोल जंप कर फरार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 09 अगस्त. ग्वालियर में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा एक बंदी पैरोल की अवधि पूरी होने के बाद जेल में वापस दाखिल नहीं हुआ और फरार हो गया.**

घटना की जानकारी मिलने पर जेल प्रबंधन ने बहोड़ापुर थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने बंदी और उसके जमानतदार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है. बहोड़ापुर थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार ने बताया कि दतिया जिले के ग्राम वागुर्दन फिरोज, थाना दुरसड़ा निवासी बंदी रविन्द्र पुत्र रामकिशन यादव (42) को दतिया के विशेष न्यायालय ने वर्ष 2011 में हत्या सहित अन्य धाराओं में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. वह ग्वालियर सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था.

जेल मुख्यालय के आदेश के तहत बंदी रविन्द्र को 23 जुलाई को 14 2 दिन की पैरोल पर रिहा किया गया था. उसकी जमानत ग्राम लरायटा, दतिया निवासी भैय्यन पुत्र वीरसिंह यादव ने ली थी. शर्तों के अनुसार बंदी को 07 अगस्त 2026 की शाम से पहले ग्वालियर सेंट्रल जेल में वापस दाखिल होना था.

## आलमपुर में युवक को देर रात गोली मारी

**भिण्ड.** जिले के लहार अनुभाग के आलमपुर थाना क्षेत्र के रुरई गांव में देर रात अज्ञात हमलावरों ने 25 वर्षीय युवक को गोली मार दी. घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रुरई निवासी जितेंद्र चौहान (25) रात करीब दो बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर घर से बाहर निकले थे. इसी दौरान उन्होंने देखा कि दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बार-बार उनके घर के सामने से गुजर रहे थे. जितेंद्र ने उनसे इतनी रात में बार-बार वहां से गुजरने का कारण पूछा, जिस पर विवाद हो गया.

## रीवा सांसद का विवादित बयान: शुद्ध पेट्रोल तुम्हारे बाप के यहां से आएगा?

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अगस्त, रीवा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद जनार्दन मिश्रा अपने एक और बेबाक और विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं. रीवा एयरपोर्ट पर हवाई सेवा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद ने मंच से ही विरोध करने वालों को अपशब्द कह डाले.**



उन्होंने कहा, 'शुद्ध पेट्रोल तुम्हारे बाप के यहाँ से आएगा?' सांसद का यह बयान अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और इस पर सियासत भी गरमा गई है. दरअसल रीवा एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया था. इस दौरान सांसद जनार्दन मिश्रा देश में पेट्रोल की आपूर्ति और उसमें मिलाए जा रहे इथेनॉल को लेकर सरकार का पक्ष रख रहे थे. उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इथेनॉल मिलाया जा रहा है, ताकि ईंधन की पूर्ति की जा सके. इसी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने उन लोगों पर निशाना साधा जो पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने का विरोध कर रहे हैं और 'शुद्ध पेट्रोल' की मांग कर रहे हैं. विरोध करने वालों को जवाब देते हुए सांसद ने आपा खो दिया और भरे मंच से यह विवादित बयान दे डाला. बता दे की जिस समय सांसद जनार्दन मिश्रा ने यह बयान दिया, उस समय मंच पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सतना सांसद गणेश सिंह, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी सहित कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद थे. दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में दिए गए इस बयान के बाद कार्यक्रम में मौजूद लोग भी हैरान रह गए. वही सांसद जनार्दन मिश्रा का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है.

## पौधों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी : राजपूत

- हरित एवं स्वच्छ भविष्य के लिए पौधारोपण का संदेश
- आरोग्य भारती के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 9 अगस्त. प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आरटीओ परिसर सागर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.**



इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया. जिला आरोग्य भारतीय महाकौशल प्रांत ईकाई जिला सागर के तत्वाधान में यह पौधरोपण आयोजित किया गया था. श्री राजपूत ने कहा कि जिला आरोग्य भारतीय द्वारा पर्यावरण को लेकर कई ऐसे आयोजन किये जा रहे हैं जिससे समाज में पर्यावरण के लिए चेतना जागृत हो रही है. आरोग्य भारतीय द्वारा पौधरोपण से हजारों वृक्ष धरती माता का श्रृंगार बने हैं.

पौधरोपण के अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने वृक्ष लगाएं.

## प्रतिबंधित खदानों पर सख्ती 8 चेकिंग पाइंट बनाए

**हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान**

**ग्वालियर.** बिलौआ क्षेत्र की प्रतिबंधित खदानों में अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है.

रविवार को कलेक्टर रुचिका चौहान और एसएसपी धर्मवीर सिंह ने अधिकारियों के साथ प्रतिबंधित खदानों का निरीक्षण कर स्पष्ट निर्देश दिए कि हाईकोर्ट के आदेशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित किया जाए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि प्रतिबंधित खदानों से किसी भी प्रकार का उत्खनन या खनिज परिवहन नहीं होना चाहिए. इसके लिए लगातार निगरानी रखी जाए. प्रशासन ने बिलौआ क्षेत्र में 8 चेकिंग पॉइंट स्थापित किए हैं, जबकि अलग-अलग जांच दल भी लगातार निगरानी कर रहे हैं. निरीक्षण के दौरान एडीएम सी.बी. प्रसाद, एसडीएम जूही गर्ग, संयुक्त कलेक्टर भूमिजा सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अनिल राघव, जिला खनिज अधिकारी पंकजध्वज मिश्रा सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे.

## संस्कार कांवड़ यात्रा में शामिल होंगे सीएम

- पुलिस और प्रशासनिक अमला हुआ अलर्ट
- नर्मदा जल और पौधे के साथ कैलाश धाम पहुंचेंगे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 9 अगस्त. संस्कारधानी की प्रसिद्ध संस्कार कांवड़ यात्रा सावन महीने के दूसरे सोमवार, 10 अगस्त को आयोजित होगी. जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल होंगे.**

यात्रा नर्मदा नदी के ग्वारीघाट से प्रारंभ होकर पनागर तहसील क्षेत्र के मटामर गांव की पहाड़ी पर स्थित कैलाश धाम मंदिर तक जाएगी. यात्रा की कुल दूरी लगभग 30 किलोमीटर है. कैलाश धाम मंदिर मुख्य शहर से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. सुंदर पहाड़ी पर बने इस मंदिर में प्राचीन और पवित्र श्वेत पिंडी (शिवलिंग) विराजमान है.

सावन के महीने में यह क्षेत्र हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता से घिरा रहता है. संस्कार कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कैलाश धाम पहुंचते हैं. यात्रा में लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालु शामिल होते हैं. यात्रा की विशेषता कांवड़ में एक तरफ नर्मदा जल और दूसरी तरफ एक पौधा लेकर चलने की अनूठी परंपरा है. श्रद्धालु भगवा वस्त्रपहनकर कई किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं. जिसको लेकर पुलिस, प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड में है.

यात्रा ग्वारीघाट से प्रारंभ होगी जहां श्रद्धालु नर्मदा जल भरने के बाद यात्रा रामपुर, गोरखपुर, शास्त्री ब्रिज, मालवीय चौक, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, सराफा चौक, खटीक मोहल्ला, बेलबाग, घमापुर चौक, कांचघर और राँझी होते हुए कैलाश धाम पहुंचेगी है. स्थानीय व्यवस्था के अनुसार यात्रा के मार्ग में बदलाव भी हो सकता है.

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**मंडला.** नारायणगंज क्षेत्र में रविवार शाम नेशनल हाईवे-30 पर हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं एक घायल है. यह घटना ग्राम सोढर और चिरी के बीच शाम करीब 6:30 बजे हुई, जब एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी.

इस घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया. मृतकों की पहचान ग्राम सोढर निवासी अनिल पंद्राम और प्रदीप मलगाम के रूप में हुई है.

## ब्रिक्स डेलीगेट्स ने पत्थरों में देखी मानव सभ्यता

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 9 अगस्त. विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका के ऐतिहासिक शैलाश्रयों में रविवार को ब्रिक्स डेलीगेंट्स को वैश्विक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला.**

ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह और मंत्री समूह की बैठक में शामिल होने आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भारत के इस प्राचीन खजाने का दौरा किया. दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, रूस और चीन समेत विभिन्न ब्रिक्स राष्ट्रों के 15 से अधिक उच्चस्तरीय डेलीगेट्स ने हजारों वर्ष पुराने प्रागैतिहासिक शैलचित्रों और मध्य प्रदेश की समृद्ध

### ब्रिक्स डेलीगेट्स सदस्यों ने भीमबेटका का किया भ्रमण



सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा और समझा. गाइडेड हेरिटेज टूर के दौरान प्रतिनिधियों ने भीमबेटका के प्रमुख शैलाश्रयों का सूक्ष्म अवलोकन किया. विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि पत्थरों पर उकेरी गई ये आकृतियां केवल कलाकृतियां नहीं हैं, बल्कि ये तत्कालीन मानव की जीवनशैली, उसकी सामाजिक व्यवस्था और वन्यजीवों के साथ उसके सह-अस्तित्व का दस्तावेज हैं. ब्रिक्स प्रतिनिधियों ने शैलाश्रयों में हाथी, गौर, हिरण, बंदर और जंगली सूअर जैसे जीवों के चित्र विशेष चित्र देखे. जो प्राचीन काल में इंसानों के प्रकृति-प्रेम को प्रमाणित करते हैं.

### 750 शैलाश्रयों में दर्ज

भीमबेटका में कुल 750 से अधिक रॉक शेल्टर्स मौजूद हैं, जिनमें से 100 से ज्यादा गुफाओं में अद्भुत चित्रकारी पाई है. स्थल कालखंडों की कलात्मक परंपरा की निरंतरता को दर्शाता है. शुरुआती चित्रों में शिकार और सामुदायिक जीवन की झलक मिलती है, जबकि बाद के दौर के चित्रों में जुलूस, योद्धाओं-धार्मिक-सांस्कृतिक अनुष्ठानों के दृश्य दिखाई देते हैं. ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों ने कला के माध्यम से मानव सभ्यता की हजारों साल पुरानी विकास यात्रा को समझा.

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी नटेरन जिला विदिशा (म.प्र.)**

**प्र.क्र. 0096/अपील/2025-26**

1. ख्याली पुत्र सोमा जाति धोबी निवासी ग्राम गुरोद तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.

**(अपीलांट)**

**विरुद्ध**

लालाराम पुत्र सोमा (मृत) वारिसान

1. शंभूशंकर पुत्र लालाराम जाति धोबी
2. सरवन उर्फ पूनम बाई (ट्रांसजेंडर) पुत्र लालाराम जाति धोबी
3. शकुंतला पुत्री लालाराम
4. सरिता पुत्री लालाराम
5. प्रेमबाई बेवा लालाराम समस्त जाति धोबी समस्त निवासी ग्राम गुरोद हाल. नि. मकान 15/16 यादव धर्मशाला के पास शांति नगर बरगदा रोड इंदौर जिला इंदौर म.प्र.

**(रेस्पोडेंट)**

नटेरन तहसील में 20 अगस्त 20026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें.

**एक नजर में** — रात में बाल अपचारियों ने एकजुट होकर सुरक्षा गार्ड को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी

## रात में सुरक्षा घेरे को तोड़ा, गार्ड पर हमला कर 7 बाल अपचारी भागे, गिरफ्तार

- एक साथ भागने की तैयारी ने खोली सुरक्षा व्यवस्था की पोल
- अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की




नव भारत न्यूज

**रतलाम।** शासकीय बाल संप्रेषण गृह में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए संगीन अपराधों में बंद 7 बाल अपचारी फरार हो गए। भागने से पहले उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की और मौका मिलते ही सुरक्षा घेरे को पार कर निकल गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जिलेभर में घेराबंदी शुरू कर दी।

रात में बाल अपचारियों ने एकजुट होकर सुरक्षा गार्ड को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से गार्ड को संभलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद 7 बाल अपचारी संप्रेषण गृह की सुरक्षा दीवार को पार कर फरार हो गए। फरार होने वालों में हत्या, दुष्कर्म, रंगदारी और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में बंद बाल अपचारी शामिल बताए गए हैं। ऐसे में एक साथ सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर बाहर निकल जाना संप्रेषण गृह की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, आईए थाना प्रभारी गायत्री सोनी और एसडीएम तरुण जैन सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बाल संप्रेषण गृह पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद कर्मचारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली। वहीं पुलिस की तत्परता से 6 बाल अपचारियों नामली क्षेत्र से, जबकि एक उज्जैन को गिरफ्तार किया।

**तुरंत शुरू की घेराबंदी:** घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी कर फरार बाल अपचारियों की तलाश शुरू की। संभावित मार्गों पर चेकिंग बढ़ाई गई।

### तीन पारियों में सुरक्षा, फिर कैसे टूट गया घेरा

एसडीएम तरुण जैन ने बताया कि बाल संप्रेषण गृह में तीन पारियों में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहती है। रात में भी सुरक्षा कर्मचारी ड्यूटी पर था। तीन पारियों में सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद फिर कैसे टूग गया घेरा यह सवाल खड़ा हो रहा हैं। उधर एसडीएम के अनुसार घटना की विस्तृत जांच कराई जा रही है।

## बिना लाइसेंस सरसों तेल कारखाने पर छापा

- भिण्ड में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई
- छापे में 4.5 टन नकली तेल किया जब्त

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 9 अगस्त.** भिण्ड जिले के गोहद अनुभाग के मौ क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन की टीम ने सरसों के तेल में महुआ की गुली मिलाकर तेल तैयार किए जाने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एक प्रतिष्ठान से करीब 4.5 टन सरसों का तेल जब्त किया है. जब्त तेल की अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपये बताई गई है. कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा और गोहद के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) विकास कैमोर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना बंसल ने तारोली रोड स्थित पवन इंडस्ट्रीज पर छापामार कार्रवाई की. टीम के पहुंचने पर काफी देर तक प्रतिष्ठान का शटर नहीं खोला गया.

### जांच के दौरान आया सामने

जांच के दौरान प्रतिष्ठान का संचालन बिना खाद्य लाइसेंस के किए जाने की जानकारी सामने आई. टीम को मौके पर बड़ी मात्रा में सरसों का तेल मिला, जिसे जब्त कर सीज कर दिया गया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने तेल के नमूने जांच के लिए लिए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा.